## तेज रफ्तार कार ने दो आरक्षकों को कुचला, एक गंभीर

- ड्यूटी के दौरान हादसा, नशे में धुत पुलिसकर्मी चालक गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात ड्यूटी पर तैनात दो आरक्षकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी. हादसे में एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल हुआ है. दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है. कार चला रहा पुलिसकर्मी नशे में था, जिसे मौके से पकड़ लिया.**

पुलिस के मुताबिक बीट बिजलपुर में आरक्षक प्रमोद त्यागी और भूरालाल जामले रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक गश्त पर थे. दुर्गानगर एबी रोड के पास दोनों बाइक से गश्त के दौरान खड़े थे, तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों आरक्षक उछलकर दूर जा गिरे. हादसे में भूरालाल जामले के पेट, सिर और पैरों में गंभीर चोट आई है, जबकि प्रमोद त्यागी के पैरों में चोट लगी है. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों को संभाला और पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है.



### आरोपी चालक भी है पुलिसकर्मी

थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि जांच में सामने आया कि कार डीआरपी लाइन में पदस्थ पुलिसकर्मी विजय चौहान चला रहा था. आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है, आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## शादी का झांसा देकर करता रहा शारीरिक शोषण

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस के अनुसार, एक 43 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी अश्वनि पिता अनिल शर्मा निवासी चंदुपुरा जिला भिंड ने उसके साथ विश्वासघात किया है. आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा दिया और इसी बहाने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी वादे से मुकर गया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगा. आरोपी के शोषण और धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली. एमआईजी पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी अश्वनि शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की है.

## प्रेमजाल में फंसाकर बुलाया, फिर किया जानलेवा हमला

- महिला समेत 7 आरोपियों ने रची थी साजिश
- 72 घंटे में 4 आरोपियों को दबोचा, 3 की तलाश जारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एक युवक को प्रेमजाल में फंसाकर एमआईजी थाना क्षेत्र के एलआईजी लिंक रोड पर बुलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 72 घंटे के भीतर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वारदात में एक युवती की भी भूमिका सामने आई है, जबकि 3 आरोपी अभी फरार हैं. घायल युवक का इलाज अस्पताल में हुआ था.**

रानीपुरा निवासी फाजिल उम्र 24 साल 28 अप्रैल की रात करीब 11 बजे अपनी महिला मित्र के साथ लिंक रोड पर खड़ा था. इसी दौरान जुबेर उर्फ बबलू, सरफराज उर्फ पिद्धि, कासिम, शाहरुख, फैजान और एक नाबालिग वहां पहुंचे और चाकू, लाठी डंडों से हमला कर दिया. हमले में फाजिल के सिर, हाथ पैर में गंभीर चोटें आईं. हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. बाद में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जांच में सामने आया कि आरोपी फैजान का फाजिल से पुराना विवाद था. बदला लेने के लिए उसने अपनी महिला मित्र राधिका उर्फ अमृता को फाजिल को जाल में फंसाने के लिए लगाया. राधिका ने मकान किराए के बहाने संपर्क कर उसे लिंक रोड बुलाया और फिर साथियों को सूचना देकर हमला करवा दिया.

### आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शाहरुख और फैजान को घेराबंदी कर पकड़ा. भागने के दौरान दोनों गिरकर घायल हो गए. इसके अलावा राधिका नाम की युवती और एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लिया है. पुलिस ने आरोपियों से घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, चाकू और डंडे जब्त किए हैं. फरार आरोपी जुबेर, सरफराज और कासिम की तलाश जारी है. मामले में पुलिस रिमांड लेकर आरोपियों से आगे पूछताछ कर रही है.

## ऑनलाइन गेमिंग सट्टा संचालक धराया

- मोबाइल में लाखों के ट्रांजेक्शन मिले
- वेबसाइट के जरिए आईडी-पासवर्ड देकर खिलवा रहा था आईपीएल का सट्टा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन गेमिंग सट्टा चलाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी वेबसाइट के जरिए लोगों को आईडी-पासवर्ड उपलब्ध कराकर सट्टा खिलवा रहा था. उसके मोबाइल से लाखों रुपए के ट्रांजेक्शन भी मिले हैं.**



एरोड्रम थाना क्षेत्र की धर्मराज कॉलोनी में ऑनलाइन सट्टा संचालित होने की सूचना पर क्राइम ब्रांच ने दबिश दी. यहां से शुभम उर्फ मोनु यादव को पकड़ा गया. उसके कब्जे से दो मोबाइल और एक एलईडी टीवी जब्त किए हैं, जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वेबसाइट (ऑल पैनल एक्सचेंज 9 डाट को) के माध्यम से लोगों को पैसे लेकर गेमिंग आईडी और पासवर्ड देता था. साथ ही वेबसाइट पर कॉइन्स उपलब्ध कराकर ऑनलाइन सट्टा खिलवाता था.

**ब्याज पर रुपए चलाने का धंधा करता है आरोपी**-डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी ब्याज पर रुपए देने का काम करता है और 10वीं तक पढ़ा है. उन्होंने बताया कि मामले में क्राइम ब्रांच थाना में आरोपी के खिलाफ पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसमें अन्य लोगों के नाम सामने आने की संभावना है.

## सिटी फॉरेस्ट में भीषण आग, 10 टन ग्रीन वेस्ट व 1 टन लकड़ी खाक

- बिचौली हप्सी में शनिवार सुबह लगी आग, कई टैंकरों से पाया काबू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के बिचौली हप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें करीब 10 टन ग्रीन वेस्ट और 1 टन लकड़ी जलकर नष्ट हो गई. हर साल गर्मी में यहां आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं. सूचना मिलते ही निगम मुख्यालय से फायर ब्रिगेड और टैंकर मौके पर पहुंचे और करीब सुबह 10 बजे तक आग पर काबू पा लिया.**



आग तेजी से फैलने के कारण पांच जोनल कार्यालयों से भी पानी के टैंकर बुलाए गए. मौके पर बड़ी मात्रा में कचरा होने से आग ने विकराल रूप ले लिया था. आग बुझने के बाद भी क्षेत्र से धुआं उठता रहा, जिसे देखते हुए दो टैंकर मौके पर तैनात कर दिए हैं, जो अगले कुछ घंटों तक लगातार पानी का छिड़काव करेंगे.

### महू में भी दो जगह जंगल में आग

इधर, महू क्षेत्र में भी शनिवार को दो अलग अलग जगह जंगल में आग लगने से करीब 4 एकड़ क्षेत्र प्रभावित हुआ. बड़गोंदा नर्सरी और छोटी जाम के जंगलों में लगी आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है. वन विभाग अधिकारी का कहना है कि एक स्थान पर फायर ब्रिगेड और दूसरे स्थान पर वनकर्मियों ने लीफ ब्लोअर की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे बड़े नुकसान को टाल दिया.

### एक नजर में

## रजनी जैन का भावभीना विदाई समारोह आयोजित



इंदौर. शासकीय सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती रजनी जैन अपने 39 वर्षों के सफल एवं गौरवपूर्ण शिक्षकीय सेवाकाल को पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुईं. इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी उपस्थित रहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आरके पांडे ने की. इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य शरद धारवाल, पूर्व प्राचार्य किरण जायसवाल, हरीश बोयत एवं रमेश यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा. अपने संबोधन में वक्ताओं ने श्रीमती रजनी जैन के सरल, मृदुभाषी एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके उल्लेखनीय योगदान, उनके सेवाभाव, अनुशासन एवं सहयोगी स्वभाव को सदैव याद किया जाएगा. समारोह के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा श्रीमती जैन का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया. अंत में श्रीमती रजनी जैन ने अपने लंबे सेवाकाल की स्मृतियां साझा करते हुए सभी सहयोगियों एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया.

## चार धाम तीर्थयात्रा से लौटे यात्रियों का भव्य स्वागत



महू. जाट समाज के वरिष्ठ व ग्राम पंचायत तलवाडा के पूर्व सरपंच कंवरलाल बाबरिया, अध्यापक जानेश्वर जाजुंदा, ओमप्रकाश जाट सहित गांव के लगभग 15 परिवार चारधाम तीर्थयात्रा सहित देश के कई प्रमुख तीर्थ स्थलों में देव दर्शन कर सकुशल लौटे. अपनी 30 दिवसीय यात्रा पूर्ण कर गृह ग्राम तलवाड़ा आगमन पर गांव की बालिकाओं ने तनुष्का जाट के साथ हर तीर्थयात्री के घर जाकर तिलक-आरती कर भगवान शंकर का 12 ज्योतिर्लिंग का चांदी से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंटकर व पुष्प की मालाओं से अभिनंदन किया. इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी बद्रीलाल बाबरिया, सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाशचंद्र वर्मा, सुरेश भिच्चर, भाजपा नेता अशोक जाट, जितेंद्र बाजडोलिया, सुभाष भिच्चर, राहुल बाबरिया, मिथुन जाट, घनश्याम जाट, मनोज भिच्चर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे. इस अवसर ग्राम में इन तीर्थयात्रियों की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें स्वजातीय बंधु, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए.

## विनोद टांक ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड, किया नाम रोशन



महू. रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत रक्षा संपदा मध्य कमान लखनऊ द्वारा आयोजित बेडमिन्टन प्रतियोगिता में छावनी परिषद महू के खिलाड़ी विनोद टांक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल्स मुकाबले में प्रथम स्थान हासिल किया. उन्होंने फाइनल में रानीखेत छावनी परिषद के खिलाड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया. इसके बाद प्रतियोगिता का अगला चरण रक्षा संपदा महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा दिल्ली छावनी स्थित पीवी सिंधु स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के 61 छावनी परिषद और 34 रक्षा संपदा कार्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यहां भी विनोद टांक ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक-एक कर सभी मुकाबले जीते और फाइनल में जगह बनाई. फाइनल मुकाबले में उन्होंने फिरोजपुर छावनी के खिलाड़ी को हराकर राष्ट्रीय स्तर पर भी विजय हासिल की और गोल्ड मेडल अपने नाम किया. उनकी इस उपलब्धि पर महानिदेशक रक्षा संपदा नई दिल्ली द्वारा उन्हें गोल्ड मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया. इस सफलता पर मुख्य अधिशासी अधिकारी महू कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया.

## लापता मासूम मंदिर में सोता मिला ढाई घंटे की तलाश के बाद राहत

### घर से निकला 4 साल का बच्चा 100 मीटर दूर सुरक्षित मिला

**इंदौर.** हीरा नगर थाना क्षेत्र के काशीपुरी में शुक्रवार रात 4 साल का मासूम अचानक घर से लापता हो गया. करीब ढाई घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद बच्चा घर से लगभग 100 मीटर दूर एक मंदिर में सोता हुआ मिला. सुरक्षित मिलने पर परिवार समेत पूरे मोहल्ले ने राहत की सांस ली.

जानकारी के अनुसार, रात करीब 10 बजे बच्चा अपनी मां के पीछे-पीछे घर से बाहर निकल गया, लेकिन मां को इसकी भनक नहीं लगी. कुछ देर बाद बच्चा नजर नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया. एक टीम घर-घर, छत, कमरों और पानी की टंकियों तक जांच करती रही, वहीं दूसरी टीम आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालती रही. कॉलोनी के लोग भी तलाश में जुट गए. पास में कचरा प्लांट और नाला होने से अनहोनी की आशंका से माहौल तनावपूर्ण हो गया. करीब रात साढ़े 12 बजे पुलिस को बच्चा घर से करीब 100 मीटर दूर एक मंदिर में पर्दे के पीछे सोता हुआ मिला.

पुलिस के मुताबिक बच्चा खुद ही चलते-चलते मंदिर तक पहुंच गया था. सर्च टीम पहले भी वहां से गुजरी थी, लेकिन तब वह नजर नहीं आया. बच्चे के सुरक्षित मिलने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया. बेटे को देखते ही परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरे मोहल्ले ने राहत की सांस ली.

## हाईकोर्ट में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला फर्जी कर्मचारी गिरफ्तार

- महिला से 25 हजार रुपए लेकर थमाया था फर्जी जॉइनिंग लेटर

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** हाईकोर्ट में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फर्जी कर्मचारी को पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने महिला से 25 हजार रुपए लेकर उच्च न्यायालय का फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया था. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है.




तलावली चंदा निवासी स्वाति बाथम ने पिछले दिनों पति के साथ तुकोगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी. इसमें बताया कि लक्ष्मण मेहरा ने खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताकर सहायक क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा दिया. आरोपी ने 25 हजार रुपए नकद लिए और उच्च न्यायालय जबलपुर की फर्जी सील लगा जॉइनिंग लेटर दे दिया. कुछ दिनों बाद संदेह होने पर महिला ने हाईकोर्ट में पत्र की जांच करवाई तो वह पूरी तरह फर्जी निकला. शिकायत मिलते ही पुलिस ने केस कायम किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मण मेहरा उम्र 31 साल निवासी ग्राम खुरपा जिला नरसिंहपुर, हाल मुकाम विजय नगर को गिरफ्तार कर लिया.

### पुलिस को आरोपी द्वारा और लोगों को ठगने का भी शक, की जा रही पूछताछ

जांच में सामने आया कि आरोपी ने महिला से मेघदूत चौपाटी पर मुलाकात कर खुद को रसूखदार कर्मचारी बताया और भरोसा जीतने के लिए फर्जी आवेदन पत्र लिया. बाद में गीता भवन चौराहे पर बुलाकर फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा दिया था. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी ने और कितने लोगों को निशाना बनाया है और उसके साथ कौन कौन शामिल है. मामले में तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, उससे पूछताछ जारी है और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है.

## बैंककर्मी बनकर बुजुर्ग महिला के खाते से उड़ाए 1.50 लाख

- पेंशन खाता अपडेट करने के बहाने लिया महिला को झांसे में

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को अपना निशाना बनाया है. ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर पेंशन अपडेट करने के नाम पर महिला के खाते की जानकारी हासिल की और स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए उनके दो अलग-अलग खातों से करीब डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए.

पुलिस के अनुसार, फरियादी राखी आहुजा (71), निवासी शिव मोती नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि 29 अप्रैल को उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया. फोन करने वाले ने खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी बताया. उसने महिला को विश्वास में लेते हुए कहा कि उनकी पेंशन योजना में कुछ अपडेट की जरूरत है, अन्यथा पेंशन रुक सकती है. पेंशन रुकने के डर से बुजुर्ग महिला ठग के झांसे में आ गईं. आरोपी ने उनसे बैंक खातों की जानकारी और पासवर्ड पूछ लिए.

### स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिये खाते से उड़ाए रुपए

शातिर ठग ने महिला को बातों में उलझाकर उनके फोन पर एक स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करवाया और उनसे ओटीपी प्राप्त कर लिया. जैसे ही ठग को मोबाइल का एक्सेस मिला, उसने पलक झपकते ही राखी आहुजा के दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 1 लाख 49 हजार 727 रुपए की राशि अलग-अलग यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर ली. मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आने के बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ. महिला की शिकायत पर भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## निवेश का झांसा देकर मुरैना के युवक से 3 लाख रुपए ठगे

नवभारत न्यूज

**इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर रहने वाले एक युवक को यूट्यूब विज्ञापन और लुभावनी वेबसाइट के जरिए निवेश पर भारी मुनाफे का लालच दिया गया. जालसाजों ने युवक को भरोसे में लेकर उससे 3 लाख की रकम ऐंठ ली और फिर संपर्क तोड़ दिया.**

पुलिस के अनुसार, फरियादी रामप्रीत पिता रामनरेश गुर्जर मूल निवासी जिला मुरैना, हाल निवासी गुरु नानक नगर, भोलाराम उस्ताद मार्ग ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखा था. जिसमें कम समय में पूंजी निवेश को बढ़ाने का दावा किया था. विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद रामप्रीत एक वेबसाइट पर पहुंचे, जहां निवेश के विभिन्न प्लान बताए गए थे. इसके बाद अज्ञात आरोपियों ने उनसे संपर्क किया और बेहतर रिटर्न का लालच देकर अलग-अलग किश्तों में कुल तीन लाख रुपये. जमा करवा लिए.

मुनाफे की रकम वापस नहीं की तो हुआ ठगी का अहसास

जब रामप्रीत ने अपना मुनाफा और निवेश की गई राशि वापस मांगी, तो आरोपियों ने और पैसों की मांग शुरू कर दी. ठगी का अहसास होने पर उन्होंने पुलिस की शरण ली. भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस अब उन बैंक खातों और ट्रांजैक्शन आईडी की जांच कर रही है, जिनमें पैसा ट्रांसफर किया गया था.

### एक नजर में

3 मई को होने वाली परीक्षा शांतिपूर्ण कराने कमिश्नर ने ली बैठक, ट्रैफिक और सीसीटीवी निगरानी को लेकर सख्त निर्देश

## नीट परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, हर केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रविवार 3 मई को होने वाली नीट परीक्षा को लेकर शहर में पुलिस अलर्ट मोड पर है. परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों की बैठक लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान और निगरानी के सख्त निर्देश दिए हैं.**

बैठक में तय किया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रहें और उनकी लगातार मॉनिटरिंग हो. बिजली बाधित होने की स्थिति में बैकअप व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा है. पुलिस अधिकारियों को सेंटर कॉर्डिनेटर के साथ लगातार समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं.



परीक्षा के दौरान शहर में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा, ताकि अभ्यर्थियों को समय पर केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो. परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ जमा न होने देने, संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखने और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया है.

### अधिकारियों को दिए लगातार भ्रमण के निर्देश

पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने और किसी भी समस्या का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए हैं. इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को सुरक्षित और तनावमुक्त माहौल देना प्राथमिकता है. वहीं पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे परीक्षा के दौरान सहयोग करें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें.